स्तर 2 (सप्ताह 12)

गीत सुनना

उद्देश : बच्चों में लक्षपूर्वक सुनने की क्षमता विकसित होना ।

समय : 10 से 15 मिनट

प्रक्रिया :- घर में दादी, चाची, नानी, माँ, पिताजी, बहन, बुआ आदि को गीत आते होंगे जो अलग-अलग अवसरों पर गाते होंगे। आप भी उनसे गीत सुनिए और सुनाइए। सुर, लय, ताल की ज्यादा चिंता मत कीजिएगा, बस आप तो जी भर के गाइए।

पसंदीदा फल और फूलों के नाम लिखना

उद्देश : शब्द लिखने की कला विकसित होगी।

साहित्य : कॉपी और पेन

समय : 5 से 10 मिनट

प्रक्रिया :- आपके परिवार के सभी सदस्यों से उनके पसंदीदा फल और फूलों के नाम पूछिए। परिवार के सदस्यों ने जो नाम बताएं वह अपने कॉपी में लिखिए और परिवार के किसी बड़े व्यक्ति को दिखाएँ।